## अर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा 2023-24

| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|

### विषय - सामाजिक विज्ञान

### कक्षा- 8वीं

समय- 2:30 घण्टे पूर्णांक 80

==================================================================

**निर्देश:-**

(1) विद्यार्थी सर्वप्रथम पेपर के ऊपर अपना नामांकन लिखे।

(2) सभी प्रश्नों का उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखे।

(3) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।

---

प्र. 1 निम्नलिखित प्रश्नों का सही विकल्प का चुनाव करें-

(1). भारत का प्रथम गवर्नर जनरल था ?

(अ) रॉबर्ट क्लाइव (ब) वारेन हेस्टिंग

(स) डलहौजी (द) वेलेजली (ब)

(II). भारत में कितनी स्तरीय शासन व्यवस्था है?

(अ) एक-स्तरीय (ब) दवि-स्तरीय

(स) त्रि-स्तरीय (द) वह-स्तरीय (स)

(III). सच्चर समिति का गठन कब किया गया ?

(अ) 1992 (ब) 1996

(स) 2005 (द) 2008 (स)

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

(IV). कौन से ग्रह को जल ग्रह कहते हैं ?

(अ) मंगल (ब) पृथ्वी

(स) शनि (द) बृहस्पति (ब)

प्र. 2 रिक्त स्थान की पूर्ति करो-

(क) असम के ...... और बिहार की ..... में काम करने के लिए आदिवासी जाने लगे।

(ख) झूम खेती में बीज बोने के तरीके को .... कहा जाता है।

(ग) कश्मीर के ..........बकरियां पालते थे।

(घ) कंपनी ने 1793 में. ..... लागू किया।

उत्तरमाला- चाय बागानों/कोयला खदानों, छितराना, बकरवाल, स्थायी बंदोबस्त

प्र. 3 बंगाल में नील विद्रोह कब हुआ ?

उत्तर - बंगाल में नील विद्रोह सन 1859 में हुआ।

प्र. 4 संघवाद से क्या आशय है ?

उत्तर - देश में एक से ज्यादा स्तर की सरकारों का होना तथा प्रत्येक स्तर की सरकार को संविधान से ही शक्ति और अधिकार मिलते हो।

प्र. 5 धर्मनिरपेक्षता का मूल मंत्र क्या है ?

उत्तर - धर्मनिरपेक्षता का मूलमंत्र यह है कि धर्म से संबंधित किसी भी तरह का वर्चस्व खत्म होना चाहिए।

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

प्र. 6 भूमि निम्नीकरण के कोई दो कारण लिखिए

उत्तर - भूमि निम्नीकरण के दो कारण निम्न है -

(i) कृषि संबंधी गतिविधियां

(II) निर्माण संबंधी गतिविधियां

प्र. 7 अयस्क क्या है ? धात्विक खनिजों के अयस्क सामान्य तक कहां पाए जाते हैं ?

उत्तर- अयस्क विभिन्न शहर जिनके खनिजों का खनन किया जाता है इसका कह जाते हैं धात्विक खनिज आगने और कायांतरित शैल समूह जिनसे विशाल पठानों का निर्माण होता है मैं पाए जाते हैं।

प्र. 8 भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज कब तथा किसने की ?

उत्तर- सन 1498 में पुर्तगाली नाविक वास्कोडिगामा ने की।

प्र. 9 उन कारकों के नाम बताइए जो कृषि को प्रभावित करते हैं ?

उत्तर - कृषि को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक निम्नलिखित हैं-

(i) धरातल की बनावट (ii) जलवायु (iii) मृदा

प्र. 10 निर्वाह कृषि और गहन कृषि में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर - निर्वाह किसान अपने खेत में घर के लोगों की सहायता से पारिवारिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फसलों का उत्पादन करता है अपने कृषि कार्य में मशीनों का प्रयोग नहीं करता है और कम उत्पादन प्राप्त करता है यह निर्वाह कृषि कहलाती हैं|

किसान अपनी भूमि के टुकड़े पर अधिक परिश्रम, मशीनों के प्रयोग नवीन बीजों व उर्वरकों के प्रयोग से अधिक उत्पादन प्राप्त कर बाजार में बेच देता है तो उसे गहन कृषि कहा जाता है।

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈

**प्र. 11 वह कौन से मुख्य तथ्य हैं जो कृषि की आवश्यकता को प्रभावित करतेहैं?**

**उत्तर - उद्योग की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तथ्य निम्नलिखित हैं - कच्चे माल की उपलब्धता भूमि की उपलब्धता, सस्ता श्रम शक्ति के पर्याप्त साधन, पूंजी की आवश्यकता, परिवहन के साधनों की सुलभता बाजार आदि ।**

**प्र. 12 जनसंख्या संघटन से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर- जनसंख्या संघटन के अंतर्गत लोगों की जीवन प्रत्याशा, लिंगानुपात, साक्षरता दर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, व्यवसाय और आय स्तर आदि का पिरामिड की सहायता से अध्ययन किया जाता है जो जनसंख्या संरचना अथवा जनसंख्या संघटन को प्रकट करता है ।**

**प्र. 13 संविधान के प्रमुख उद्देश्य कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर- (i) उन आदर्शों को सूचीबद्ध करना जिनके आधार पर नागरिक अपने देश को अपनी इच्छा व सपनों के अनुसार रचना|**

**(ii) राजनीतिक व्यवस्था को लागू करना**

**(iii) खुद को बचाने हेतु सशक्त करना**

**प्र. 14 भारतीय संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्षता को समझाइए ।**

**उत्तर- भारतीय संविधान में भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किया गया है। राज्य की नजर में सभी धर्म समान है और भारत में किसी के प्रति धर्म आधारित भेदभाव नहीं किया जाएगा। भारतीय संविधान के अनुसार एक धर्मनिरपेक्ष राज्य ही निम्नलिखित उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है-**

**(i) कोई भी धार्मिक समूह या संप्रदाय किसी दूसरे धार्मिक संप्रदाय पर अपना वर्चस्व (प्रभुत्व कायम नहीं करेगा।**

**(ii) किसी एक ही धर्म के कुछ लोग उसी धर्म के अन्य लोगों पर अपना वर्चस्व स्थापित नहीं करेंगे।**

**(iii) राज्य किसी भी धर्म को न तो प्रोत्साहित करेगा और ना ही किसी से उनकी धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने का प्रयास करेगा ।**

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈

**प्र. 15 घरेलू हिंसा पर नया कानून किस तरह बना, महिला संगठनों ने इस प्रक्रिया में अलग-अलग तरीके से क्या भूमिका निभाई, उसे अपने शब्दों में लिखिए।**

**उत्तर - भारतीयों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष अनुभवों अन्वेषणो और विभिन्न संचार माध्यमों से महिलाओं के साथ समानता का व्यवहार नहीं किए जाने आभास हुआ। उन्हें पता चला कि न तो घरों में और ना ही कार्यालयों कारखानों में इनके साथ समानता बरती जाती हैं अतः भारतीय महिलाओं ने घरेलू हिंसा के विरुद्ध और कार्य स्थलों पर समानता का व्यवहार किए जाने के लिए नियम बनाए जाने की मांग की ।**

**उन्हें पता चला कि न तो घरों में और ना ही कार्यालयों कारखानों में इनके साथ समानता बरती जाती हैं अतः भारतीय महिलाओं ने घरेलू हिंसा के विरुद्ध और कार्य स्थलों पर समानता का व्यवहार किए जाने के लिए नियम बनाए जाने की मांग की ।**

**इनकी इस मांग के समर्थन में विभिन्न संगठनों ने भी आवाज बुलंद की महिला संगठनों ने और राष्ट्रीय महिला आयोग ने संसदीय स्थाई समिति को अपनी मांगों का एक मांग पत्र सौंपा। महिला सुरक्षा कानून विधेयक संसद में 2002 में पेश किया गया लेकिन महीला प्रतिनिधि इस विधेयक में प्रस्तुत महिला के प्रति घरेलू हिंसा की परिभाषा से भी संतुष्ट नहीं थी अतः दिसंबर 2002 में स्टैंडिंग कमेटी ने इस विधेयक संबंधी अपनी सिफारिशें राज्यसभा को प्रस्तुत कि इन्हें राज्य सभा पटल पर रखा गया और कमेटी ने महिला संगठनों की अधिकांश मांगों को स्वीकार कर लिया था अतः 2005 में एक नया विधेयक पुरे संसद में पेश किया गया जो संसद के दोनों सदनों में पारित होने के बाद राष्ट्रपति ने के पास स्वीकृति हेतु भेजा गया इस प्रकार महिलाओं के लिए घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2006 से लागू हुआ।**

**प्र. 16 जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को जिस तरह काल खंडों में बांटा उसमें क्या समस्याएं हैं?**

**उत्तर - स्कॉटलैंड निवासी जेम्स मिल ने 1817 में भारतीय इतिहास को हिंदू मुस्लिम और ब्रिटिश नामक तीन काल खंडों में बांटकर एक किताब लिखी जेम्स मिल द्वारा किए गए काल खंडों के इस आवंटन में निम्नलिखित समस्याएं हैं-**

RBSE MASTERJI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈

(i) काल खंडों का यह आवंटन धर्म आधारित था जो उचित नहीं है।

(ii) इतिहास के किसी भी दौर को धर्म के आधार पर विभाजित नहीं किया जा सकता क्योंकि सभी धर्म एक साथ चलते हैं।

(iii) प्राचीन भारत में भी सभी शासकों का एक धर्म नहीं था ।

(iv) इतिहास के विभाजन के इस आधार का उद्देश्य लोगों में फूट डालना था ।

(v) जेम्स मिल ने अंग्रेजी शासन को प्रगति तथा सभ्यता का प्रतीक माना था तथा इससे पहले के शासनकाल को जातिवाद तथा अंधविश्वास से पूर्ण कहा यह उसकी औपनिवेशिक मानसिकता का ही परिचायक है ।

प्र. 17 दीवानी मिलने से ईस्ट इंडिया कंपनी को किस तरह फायदा पहुंचा?

उत्तर - सन 1765 में मुगल सम्राट द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल प्रांत का नवाब घोषित करने का सबसे बड़ा लाभ यह मिला कि कंपनी को बंगाल प्रांत से भू राजस्व एकत्रित करने का अधिकार प्राप्त हो गया जिससे कंपनी की समस्याओं का समाधान हो गया जो उसे दीवानी मिलने से पूर्व उठानी पड़ रही थी अब राजस्व एकत्रित करने होने के कारण अपने व्यापार हेतु इंग्लैंड से सोना-चांदी लाने की आवश्यकता भी कंपनी को नहीं थी बंगाल की दीवानी मिलने के बाद कंपनी अपनी फौजों को स्थानीय भू राजस्व के माध्यम से ही संभालने के साथ-साथ अपने किलो और कार्यालयो के निर्माण भी बड़ी सरलता से करने लगी अतः हम कह सकते हैं कि प्लासी युद्ध के बाद इंग्लैंड से सोने की निकासी में कमी आई।

प्र. 18 किन परिस्थितियों में बंगाल में नील का उत्पादन धराशायी हो गया ?

अथवा

महालवारी व्यवस्था स्थाई बंदोबस्त के मुकाबले कैसे अलग थी?

RBSE MASTER JI


अर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा
कक्षा: 9 सभी विषय
क्लिक करें
पेपर PDF डाउनलोड


अर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा
कक्षा: 7 सभी विषय
क्लिक करें
पेपर PDF डाउनलोड


कक्षा – 8 के अन्य पेपर
क्लिक करें
पेपर PDF डाउनलोड

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें

राजस्थान 10वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

राजस्थान 12वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

राजस्थान क्लासेज
Home Page
GK संबंधित PDF डाउनलोड

राजस्थान 8वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

राजस्थान 5वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

WhatsApp
ग्रुप ज्वॉइन करें

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें